**जन सम्पर्क कार्यालय,**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।**
दिनांक : 28.04.2016

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**
**(सं. 2016–17/51)**

## <u>सिंघस्थ कुंभ मेले में यात्रियों की सुविधा के लिए डिब्बों में अस्थाई बढोतरी</u>

***<u>04 गाडियों में बढाये डिब्बें</u>***

रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं सिंघस्थ कुंभ मेले पर अतिरिक्त यात्री यातायात के दबाव को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 04 गाडियों के डिब्बों अस्थाई बढोतरी की गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसारः–

1. गाडी संख्या 12974/12973, जयपुर–इन्दौर–जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में जयपुर से दिनांक 01.05.16 से 29.05.16 तक एवं इन्दौर से दिनांक 02.05.16 से 30.05.16 तक 01 साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, उज्जैन एवं अन्य स्टेशनों के यात्रियों को साधारण श्रेणी का 01 डिब्बा अधिक उपलब्ध हो पायेगा।

2. गाडी संख्या 12940/12939, जयपुर–पुणे–जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में जयपुर से दिनांक 03.05.16 से 31.05.16 तक एवं पुणे से दिनांक 04.05.16 से 01.06.16 तक 01 फर्स्ट एसी डिब्बें की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, वडोदरा एवं अन्य स्टेशनों के यात्रियों को फर्स्ट एसी की 18 बर्थ अधिक उपलब्ध हो पायेगी।

3. गाडी संख्या 12466/12465, जोधपुर–इन्दौर–जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में जोधपुर से दिनांक 01.05.16 से 25.05.16 तक एवं इन्दौर से दिनांक 02.05.16 से 26.05.16 तक 01 थर्ड एसी एवं 01 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः मेडता, जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, उज्जैन एवं अन्य स्टेशनों के यात्रियों को प्रत्येक फेरे में थर्ड एसी की 64 बर्थ एवं 01 साधारण श्रेणी डिब्बा अधिक उपलब्ध हो पायेगा।

4. गाडी संख्या 19711/19712, जयपुर–भोपाल–जयपुर एक्सप्रेस में जयपुर से दिनांक 01.05.16 से 30.05.16 तक एवं भोपाल से दिनांक 02.05.16 से 31.05.16 तक  तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की अस्थाई बढोतरी की गई हैं। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः उज्जैन, रतलाम, नीमच, चन्देरिया, विजयबाडा, नसीराबाद, अजमेर, फुलेरा एवं अन्य स्टेशनो के यात्रियों को थर्ड एसी श्रेणी की 64 बर्थ अधिक उपलब्ध हो पायेगी।

*उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिये नियमित रूप से विभिन्न रेलगाडियों में डिब्बों में अस्थाई तौर पर बढोतरी की जाती है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा वर्ष 2015–16 में मार्च माह तक 12719 अतिरिक्त डिब्बे विभिन्न रेल सेवाओं में जोडे गये है।*

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**

नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक पेज **www.facebook.com/northwesternrailway** पर भी अवलोकन कर सकते है।